

शोभिता धुलिपाला हर... पेज 4 पर पढ़ें


# हमर संगवारी

सप्ताहिक अखबार

बिलासपुर, मंगलवार, 02 मई 2023 से 8 मई 2023, मूल्य 5 रुपए, वर्ष-1, अंक-2, पेज-12, media@gmail.com, mo. 7987030445




# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि की अंतरित

**जिले के 3 हजार 925 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित**

## मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही युवाओं में खुशी की लहर, युवाओं ने कहा सपनों को पंख देने में योजना बनेगी मददगार

हमर संगवारी @ बिलासपुर

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय से आज बटन दबाकर बिलासपुर सहित पूरे राज्यभर के बेरोजगारी भत्ता योजना के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की।

मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही जिले के 3 हजार 925 युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इन हितग्राहियों के खाते में 2500 रूपये अंतरित किये गये, जो प्रतिमाह दिये जाएंगे। बिलासपुर स्थित जिला कार्यालय में महापौर श्री रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सहित अन्य अधिकारी और युवा वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनसे चर्चा भी की। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर से पहुंचे युवा श्री वैभव से मुख्यमंत्री ने चर्चा की। श्री वैभव ने बताया कि पूरे देशभर में परीक्षाओं के फॉर्म भरता हूं। आपने व्यापम और पीएससी का शुल्क मुफ्त कर दिया है लेकिन शेष राज्यों में अभी भी फॉर्म भरने में फीस देनी होती है। इस योजना से मिली राशि से फॉर्म भरने में मदद होगी। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिले में बेरोजगारी भत्ता के तहत अब तक 7 हजार 646 युवाओं ने पंजीयन कराया था। जिनमें से 3 हजार 925 पात्र युवाओं को बेरोजगारी भत्ता योजना की राशि स्वीकृत हुई है।






**युवाओं ने कहा सपनों को पंख देने में योजना बनेगी मददगारः** बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत राशि खाते में अंतरित होने से युवाओं के चेहरे खिल उठे। श्री लवसिंह ठाकुर और बेनीराम कुर्रे सहित अन्य युवाओं ने कहा कि इस योजना से मिली आर्थिक सहायता हमारे सपनों को पंख देने में मददगार होगी। इस राशि से हम अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकेंगे। यह योजना हमारे संघर्ष की राह को आसान बनाएगा। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का तहेदिल से आभार जताया।

**150 जागरूक लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया**

## संत निरंकारी मिशन रीवा द्वारा 18वां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**रीवा**। मानवता के मसीहा संत निरंकारी मिशन के युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की याद में आयोजित मानव एकता दिवस के अवसर पर चोरहटा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित 18वें विशाल रक्तदान शिविर में "मानवता है धर्म हमारा हम केवल इंसान है" के भाव से ओत-प्रोत होकर मिशन के भाई-बहनों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया । रक्तदान शिविर में कुल 150 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।



रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी द्वारा किया गया । इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर लगाकर संत निरंकारी मिशन बहुत ही पुनीत कार्य कर रहा है । संत निरंकारी मिशन रीवा ब्रांच की संयोजक श्रीमती राजकुमारी ककवानी जी ने सभी आगंतुकों एवं रक्त दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतगुरु की असीम कृपा से उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर समर्पित भाव से सभी ने रक्तदान किया है । मानव एकता दिवस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना सारा जीवन मानवता एवं मानव कल्याण के लिए लगाते हुए 24 अप्रैल 1980 को अपना बलिदान दिया । तत्पश्चात बाबा हरदेव सिंह जी ने सन 1986 से इस दिन को मानव एकता दिवस के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविरों की श्रृंखला की शुरुआत की उन्होंने कहा कि "मानव का रक्त नालियों में बहना चाहिए, ना कि नालियों में" । यह भी बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा अभी तक लगभग 12लाख 50हजार यूनिट रक्त एकत्रित करके मानव सेवा का पुनीत एवं निस्वार्थ कार्य किया गया है। ब्लड डोनेशन कैंप रीवा के इंचार्ज श्री रवि जोतवानी जी ने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के आयोजकत्व में रक्तदान के लिए प्रेरित करने हेतु जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। संजय गांधी स्मारक चिकित्सालय के ब्लड बैंक विभाग के डॉ राकेश कुमार धनकर, डॉ लोकेश त्रिपाठी एवं डॉ संतोष सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ब्लड बैंक की प्रशिक्षित एवं योग्य टीम द्वारा 150 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम रीवा के स्पीकर श्री वेंकटेश पांडे जी, डॉ सी.बी. शुक्ला जी, डॉ मनोज इंदुरकर जी, सरदार प्रहलाद सिंह जी एवं संतूलाल आहूजा जी विशेष रुप से उपस्थित रहे। रीवा शहर के अतिरिक्त जे.पी. नगर, महसांव, मझिगवां, पटेहरा एवं प्रयागराज से आकर रक्तदाताओं ने अपना योगदान दिया।

## बीजेपी के दिग्गज नेता साय अब कांग्रेस के साथ सीएम व मोहन मरकाम ने कांग्रेस में कराया प्रवेश

हमर संगवारी @ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बीजेपी को छोड़ दिग्गज नेता नंद कुमार साय ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। सोमवार को कांग्रेस ने बड़ी बैठक के साथ नंद कुमार साय को सीएम भूपेश बघेल और प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम ने सदस्यता दिलाइ है।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद कांग्रेस के नेताओं ने नंद कुमार साय जिंदाबाद के नारे लगने शुरू हो गए। वहीं सीएम बघेल ने नंद कुमार साय को मिठाई भी खिलाई है। नंद कुमार साय अब कांग्रेस के हो चुके हैं। वहीं कांग्रेस राजीव भवन में इस पूरे घटनाक्रम को एक उत्सव की तरह देखा जा रहा है। राजीव भवन में बैंड बाजा के साथ नेता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। इसके साथ ही नंद कुमार साय को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पहले ही ट्वीट कर माहौल तैयार कर दिया, नंद कुमार साय को लेकर चल रही अटकलों में कांग्रेस ने विराम लगाते हुए लिखा कि आज (सोमवार) 1 मई, सुबह 11:00 बजे कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, राजीव भवन रायपुर में एक प्रख्यात व्यक्तित्व कांग्रेस में शामिल होगा। वहीं बड़ी बैठक को लेकर सभी नेता राजधानी रायपुर के राजीव भवन में सभी दिग्गज कांग्रेस नेता-मंत्री कांग्रेस भी इकट्ठा हुए।रविवार को नंद कुमार साय के सोशल मीडिया एकाउंट पर उनके इस्तीफे का पोस्ट आया, एक वीडियो भी पोस्ट किया गया पर कुछ ही देर में ये पोस्ट उनके अकाउंट से डिलीट हो गया। लेकिन वाट्सएप ग्रुपों पर नंदकुमार साय का एक पत्र वायरल हुआ जो कि प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को संबोधित था। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि नंदकुमार साय का पत्र हमें मिला है। हमें लगता है कि उन्हें कोई गलतफहमी हुई है। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि उनसे हमारा संपर्क हो, लेकिन उनसे किसी भी प्रकार से संपर्क नहीं हो पा रहा है जिससे हम चिंतित हैं।



**भूपेश बघेल बोले-**

आज बहुत बड़ा दिन है। ऐसे समय में गरीबी और आदिवासियों के लिए काम करने वाले नंद कुमार साय कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। सीएम भूपेश बघेल ने नंद कुमार साय का राजनीतिक सफर बताते हुए बीजेपी पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा है कि साय ने पूरा जीवन आदिवासियों की हक की लड़ाई में बिता दिया। बीजेपी के क्रियाकलापों से व्यस्थित होकर पार्टी का त्याग किया। कांग्रेस की सदस्यता ली है। मैं उनका स्वागत करता हूं। नंद कुमार साय ने कहा कि मैं शुरुआत से बीजेपी में रहा हूं। बीजेपी ने नेताओ को फॉलो करता हूं। यहां छत्तीसगढ़ में कस्बे शहर में बदल गए। मैं कामों की स्टडी की है। इसके साथ ही नंद कुमार साय ने भूपेश सरकार की जमकर तारीफ की है। भूपेश बघेल की सरकार ने राम के ननिहाल के भी बहुत काम किया है। बीजेपी का स्वरूप अब बचा नहीं है। दिग्गज नेताओं के साथ काम किया हूं मुझे कोई दायित्व नहीं दिया गया। दायित्व की बात नहीं है लेकिन पार्टी का उद्देश्य नहीं दिखता है। समर्थ और समर्पित दल में रहना चाहिए तो भूपेश बघेल सभी वर्गों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने श्रम वीरों के सम्मान में श्रमिकों के साथ लिया बोरे-बासी का लिया आनंद

**रायपुर**। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमवीरों के सम्मान में प्रदेश भर से आये हज़ारों श्रमिकों के साथ आज बोरे-बासी का आनंद लिया। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित बोरे-बासी तिहार के सामूहिक भोज में मुख्यमंत्री ने अथान, चटनी, भाजी, बड़ी-बिजौरी और गोंदली के साथ जमीन में बैठकर बोरे-बासी खाई और श्रमिक दिवस मनाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि बोरे-बासी छत्तीसगढ़िया श्रमिकों की संस्कृति का अहम हिस्सा है और उनके सम्मान और योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए ही बोरे-बासी तिहार मनाया जा रहा है। बोरे-बासी श्रमिकों का प्रिय आहार भी है और उनके जीवन का अहम हिस्सा भी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में श्रमिकों का योगदान अमूल्य है और उनके प्रयासों से हम नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे है।



## महानदी जल विवाद अधिकरण की टीम ने अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना का लिया जायजा



**बिलासपुर**। महानदी जल विवाद अधिकरण की टीम ने आज जिले के अरपा भैंसाझार वृहद बैराज परियोजना का निरीक्षण किया। अधिकरण के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा राज्य के विधिक एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ अरपा नदी और बैराज का अवलोकन करते हुए आवश्यक जानकारी ली। इस टीम में न्यायाधीश श्री रवि रंजन, न्यायाधीश श्रीमती इंदरमीत कौर कोचर एवं अन्य सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता श्री इंद्रजीत उइके भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के जल को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया है।

## संत लाल साई जी ने किया हमर संगवारी के प्रथम अंक का विमोचन



**बिलासपुर**। झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर चकरभाटा के संत लाल साई जी के द्वारा शुक्रवार के दिन रात्रि 8:00 बजे हमर संगवारी के प्रथम अंक का किया गया विमोचन अपनी अमृतवाणी में फरमाया कि आज बहुत ही खुशी का दिन है आज शुक्रवार है भगवान श्री झुलेलाल के जन्म उत्सव का दिन है और आज साओ शुक्रवार है और इसका महत्व बहुत ही ज्यादा होता है और इस पावन दिन के दिन इस पावन धरती पर पावन स्थान में आप सभी के बीच में पत्रकार फोटोग्राफर विजय दुसेजा के द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक अखबार हमर संगवारी का विमोचन हो रहा है ईस अखबार में शहर के साथ-साथ प्रदेश व देश की भी खबरें मिलेगी वह अपने समाज की भी खबरें आपको मिलेंगी हमर संगवारी का मतलब होता है मेरी सहेली अब यह आप सभी का हमर संगवारी बनेगा संत जी के सानिध्य में ममता मयी माँ कलावती दुसेजा फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती रेखा आहुजा अध्यक्ष विजय दुसेजा पदाधिकारी देवनदास रोहरा किशोर आडवाणी के द्वारा संयुक्त रूप से हमर संगवारी का विमोचन किया गया इस अवसर पर साइ जी के द्वारा श्रीमती रेखा आहुजा का शाल ओढाकर स्वागत किया गया और सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया प्रधान संपादक विजय दुसेजा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करें आपके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व हार्दिक बधाइयां इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'ले सुरू होगे मया के कहानी' 5 मई से सिनेमाघरो में

**बिलासपुर**। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर और छालीवुड के भगवान सतीश जैन दोनों ही नये रिकॉर्ड व कीर्तिमान बनाने के लिए पैदा हुए है । सचिन का पदार्पण शतक के साथ हुआ तो सतीश जैन का पदार्पण हिन्दी फिल्म "पनाह" में बेस्ट राष्ट्रीय कहानीकार के रूप में हुआ। छालीवुड के सुपरहिट निर्देशक सतीश जैन का रिकॉर्ड केवल सतीश जैन ही तोड़ सकते है ।"मोर छंइहा भुंइया" "मया" और "हंस झन पगली फंस जाबे" के कीर्तिमान को इस बार सतीश जैन अपने आने वाली फिल्म "ले सुरू होगे मया के कहानी" के द्वारा नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाले है । छालीवुड इंडस्ट्री के हर नाजुक दौर में सतीश जैन ने अपने फिल्मों के द्वारा एक नयी उम्मीद और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस फिल्म के निर्माता छोटेलाल साहू व निर्देशक सतीश जैन की फिल्म "ले सुरू होगे मया के कहानी" के गानें व ट्रेलर का आगाज यूट्यूब ए.वी.एम. गाना पर बम्पर व्यूज के साथ धमाकेदार तरीके से हो चुका है । इस फिल्म मे कुल 6 गानें है जिसे सतीश जैन ने स्वयं लिखे है, जिसे अपनी खुबसूरत आवाज से स्वरबद्ध किया है, सुनील सोनी,अनुपमा मिश्रा व शैल किरण ने सुपरहिट निर्देशक सतीश जैन ने इस बार ऐसी झन्नाटेदारी कहानी लिखी है कि आम दर्शक स्वयं को इस फिल्म का हिरो समझने पर मजबूर हो जायेगा। इस फिल्म का हिरो भैरा कका अमलेश नागेश एक आम (ठेठ) छत्तीसगढ़िया लड़के का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई देता है जो इस फिल्म की बेहद खुबसूरत चुलबुली हिरोईन एल्सा घोष को अपने मर्यादित व सात्विक प्यार से अपने मया मे बांध लेती है | इस फिल्म की हिरोईन "एल्सा घोष" अपने प्यार मे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, जो इस फिल्म मे दिखाया गया है । यह फिल्म एकदम साफ-सुथरी व पारिवारिक है। इस बार भी सतीश जैन की यह फिल्म नये कीर्तिमान बनाने के लिए तैयार है, दर्शकों को 5 मई का बेसब्री से इंतजार है । फिल्म के अन्य कलाकार सुरेश गोडालें, मनोज जोशी, शीतल शर्मा, पप्पू चंद्राकर, डॉ अजय सहाय, उपासना वैष्णव, संगीता निषाद, अंजलि सिंह, अनिल सिन्हा, घनश्याम मिर्झा, विशाल साहू, जयराम भागवानी, राजेन्द्र कपूर है।




